**कोलकाता, 19 सितम्बर (कासं.)।** विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए बुधवार को राजस्थान फाउण्डेशन की ओर से महानगर के चार लोगों को सम्मानित किया जाएगा। बुधवार शाम को आयोजित सम्मान समारोह में श्यामानंद जालान को प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार, शारदा फतेहपुरिया को पन्ना धाई अवार्ड, पुष्करलाल केडिया को तख्तमल जैन अवार्ड तथा अनुराधा हिमतसिंगका को मरूधर गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

इनके साथ असम के राज्यपाल अजय सिंह, मध्यप्रदेश के राज्यपाल बलराम जाखड़, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष हासिम अब्दुल हलीम तथा कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य भी उपस्थित होंगे। बुधवार शाम को आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में राजस्थान की लोक नृत्य की जानी मानी नाम गुलाबो कलबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है।

पुरस्कार चयन समिति की अध्यक्ष प्रभा खेतान है, इस समिति के सदस्यों में कुंज बिहारी अग्रवाल, मधु नेवटिया, मोहनलाल तुलस्यान, राधेश्याम गोयनका, रामअवतार गुप्ता व संजय बुधिया हैं।

### जीवन परिचय

**श्यामानंद जालान:** आप 13 जनवरी, 1934 में जन्मे पेशे से अधिवक्ता रहे हैं। श्यामानंद



जालान ने 50 के दशक में थियेटर जगत में महत्वपूर्ण निर्देशकों में शुमार हुए। नाटक के साथ ही नृत्य के क्षेत्र में भी जालान की सेवा अविस्मरणीय है। फिल्मों में हाथ आजमाने में भी जालान पीछे नहीं रहे। सत्यजीत राय, मृणाल सेन तथा श्याम बेनेगल के साथ इन्होंने काम किया है। वर्तमान में वे पदातिक के निदेशक, साइंस सिटी, कोलकाता के अध्यक्ष तथा बिरला इंडस्ट्रीयल एंड टेक्नॉलॉजिकल म्युजियम, कोलकाता के अध्यक्ष पद पर आसीन है।

**पुस्करलाल केडिया:** 16 जुलाई, 1928 को जन्मे पुस्करलाल केडिया का जीवन समाज की सेवा में कट रहा है।



नागरिक स्वास्थ्य संघ के संस्थापक मंत्री, श्री विशुद्धानंद हास्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर इंस्टीट्युट के प्रधान सचिव, होने के साथ ही वे केडिया सभा, मातृ मंगल प्रतिष्ठान, मित्र संघ हास्पिटल आदि सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। केडिया की साहित्य सेवा भी प्रशंसनीय रही है।

**डॉ. शरदा फतेहपुरिया:** विकलांगता के क्षेत्र में वर्ष 1966 से सेवा प्रदान करने वाली जानी मानी हस्ती डॉ. शरदा फतेहपुरिया का जन्म 1 जुलाई 1936 को हुआ।



फतेहपुरिया ने मानसिक विकलांगों के लिए 1974 में मनोविकास केन्द्र की स्थापना की। उनके इस सामाजिक कार्य के लिए भामाशाह सम्मान, जी अस्तित्व अवार्ड, भारत निर्माण अवार्ड जैसे महत्वपूर्ण सम्मान मिले हैं।

**अनुराधा हिमतसिंगका:** 28 जनवरी, 1969 को जन्मी अनुराधा



हिमतसिंगका पत्रकारिता जगत का जाना पहचाना नाम है। वर्ष 1999 में द इकोनॉमिक टाईम्स से करियर शुरू करने वाली अनुराधा ने बिजनेस स्टैण्डर्ड, डेटलाईन बिजनेस, स्टेट्समैन जैसे समाजार पत्रों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

# जनपथ समाचार

पूर्वोत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष 25 अंक 208 सिलीगुड़ी शुक्रवार 22 सितम्बर 2006 Siliguri Friday 22 September 2006


## धनोपार्जन के सथ समाज कल्याण जरूरी : गांधी

कोलकाता (निज संवाददाता)। जब कभी राजस्थान का मारवाड़ी समुदाय का नाम लिया जाता है, तो धनोपार्जन शब्द स्वत: ही सबके मुख पर आ जाता है, लेकिन केवल धनोपार्जन से समाज की उन्नति नहीं होने वाली है। इसके साथ ही समाज कल्याण भी जरूरी है। ये बातें राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी ने राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही।

राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी का स्वागत राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने किया। समारोह में प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार, पन्ना धया अवार्ड, तख्तमल जैन अवार्ड और मरुधर गौरव अवार्ड विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष उपलब्धियों के लिए प्रदान किये गये। साथ ही अनेक संस्थाओं, विद्यालयों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर असम के राज्यपाल लेफ्टिनेंट श्री अजय सिंह, पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम, मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य तथा उदयपुर के महाराणा श्री श्रीजी अरविंद सिंहजी मेवाड़ की सुपुत्री राजकुमारी पद्मजा, कुमारीजी मेवाड़ सम्मानित अतिथि बतौर उपस्थित थे। श्री गांधी ने कहा कि राजस्थान जैसे प्रदेश में बाढ़ की स्थिति आई है, इससे भी हमें शिक्षा लेना चाहिए। हमें अपने पुराने रीति-रिवाजों को नहीं छोड़ना चाहिए। राजस्थान में बरसात के पानी को जमा करके रखने की वैज्ञानिक कला है। इस कला को बचाये रखना हमारा कर्त्तव्य है।

समारोह के प्रारंभ में राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने कहा कि यह समारोह न सिर्फ विशिष्ट उपलब्धियों का सम्मान करता है अपितु राजस्थान की समृद्ध विरासत को भी एक स्थान पर लाता है। समारोह का संचालन श्री सीताराम शर्मा ने किया। संदीप भूतोड़िया ने राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा विश्वम्भर दयाल सुरेका ने असम के राज्यपाल श्री अजय एवं विधानसभा अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम को राजस्थानी पगड़ी पहनाई।

संस्था की अध्यक्षता डॉ. प्रभा खेतान ने राजकुमारी पद्मजा कुमारीजी को चुनरी समर्पित कर सम्मानित किया। प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार श्री श्यामनंद जालान का साहित्य के क्षेत्र में उनकी योगदान के लिए प्रदान किया। एक लाख रुपये श्री सीमेंट लि. की ओर से फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ा को दिया गया। विकलांगों की सेवा के लिए शारदा फतेहपुरिया को पन्नाधाया सम्मान और समाजसेवी पुष्कर लाल केडिया को तख्तमल जैन पुरस्कार तथा पत्रकार अनुराधा हिम्मतसिंह को मरुधर गौरव पुरस्कार प्रदान किये गये। श्री सीमेंट की ओर से बाढ़ राहत के लिए पांच लाख रुपये दिये गये।

मरुधरा, राजस्थान गीत कला संगम, बांगड़ एवेन्यू संसद, उर्वसी ज्ञान भारती विद्यालय, मारवाड़ी बालिका विद्यालय और अभिनव भारती विद्यालय के प्रतिनिधियों को भी पुरस्कार दिये गये। इस अवसर पर विधायक दिनेश बजाज, राजस्थान फाउंडेशन गवर्निंग कौंसिल के सदस्य श्री हर्षवर्द्धन नेवटिया, कोलकाता कार्य समिति के सदस्य श्री हरिप्रसाद बुधिया, बी.डी. सुरेका प्रह्लादराय अग्रवाल, डॉ. एस.के. शर्मा, तिलोकचंद डागा, विश्वंभर नेवर के अतिरिक्त उद्योगपति श्री भगवती प्रसाद बाजोरिया, बालकृष्ण डालमिया, कृष्णकुमार खेमका, कलकत्ता चेम्बर के अध्यक्ष मनोज मोहन आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

卐 ।। श्री हरिः ।। 卐

# सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

कोलकाता, वर्ष 61, अंक 167, पूर्णांक 20972, आश्विन कृष्णपक्ष चतुर्दशी 14, वि. सं. 2063, गुरुवार 21 सितम्बर, 2006, पृष्ठ-12+संजीवनी,



*राजस्थान फाउंडेशन के सम्मान समारोह के उद्घाटन के मौके पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी, असम के राज्यपाल अजय सिंह, विधान सभा अध्यक्ष हासिम अब्दुल हलीम, राजकुमारी पद्मजा कुमारी जी, हरिमोहन बांगड़, संदीप भूतोड़िया, विधायक दिनेश बजाज व अन्य विशिष्ट अतिथि*

## मारवाड़ी समुदाय की राज्यपाल ने सराहना की

कोलकाता, 20 सितम्बर (न.प्र.)। राजस्थान की सौंधी मिट्टी की खुशबू को कोलकाता में बिखेरता 'राजस्थान फाउन्डेशन' ने आज एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें समाज को अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले चार प्रतिभासम्पन्न व्यक्तित्व को सम्मानित किया गया। प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार से नाटक तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए **श्यामानंद जालान** को सम्मानित किया गया। **शारदा फतेहपुरिया** को पन्नाधाय सम्मान से नवाजा गया। तख्तमल जैन सम्मान सेवा व स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए **पुष्कर लाल केडिया** को दिया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में मरुधारा गौरव सम्मान दिया गया युवा पत्रकार **अनुराधा हिम्मतसिंहका** को।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मारवाड़ी समुदाय जहां भी अपने कदम रखता है वहां की कई दिशाओं को प्रभावित करता है। धन का उपार्जन करना अच्छा होता है मगर अत्यधिक उपार्जन होने पर उसे समाज को लौटाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बाढ़ आने के पीछे यह सोचना होगा कि पहले राजस्थान के घर-घर में एक वैज्ञानिक तरीका था जिसके जरिए वे लोग बारिश का पानी संचय करते थे मगर आज कल ऐसा नहीं किया जा रहा। इस ओर हमें सोचना होगा। असम के राज्यपाल अजय सिंह ने कहा



*सम्मान पाने वाले सर्वश्री श्यामानंद जालान, शारदा फतेहपुरिया, अनुराधा हिम्मतसिंहका और पुष्कर लाल केडिया*

कि राजस्थान और बंगाल दोनों ने ही इतिहास में देशभक्ति की मिसाल कायम की है। दोनों संस्कृतियों का सामंजस्य यहां देखने को मिल रहा है। राज्य विधान सभा के अध्यक्ष हासिम अब्दुल हलीम ने कहा कि श्यामनंद जालान को हम बंगाली ही समझते हैं।

राजस्थानी जहां भी जाते हैं वहां की भाषा और संस्कृति पर अपनी अमिट छाप छोड़ जाते हैं। इस अवसर पर राजकुमारी पद्मजा कुमारीजी (मेवाड़) ने कहा कि राजस्थान को भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में एक पहचान दिलाने में यह संस्था अग्रणी भूमिका अदा कर रही है। इस अवसर पर कोलकाता नगर-निगम के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य तथा विधायक दिनेश बजाज भी उपस्थित थे। इन तमाम विशिष्ट अतिथियों का स्वागत राजस्थानी अंदाज में पगड़ी तथा दुपटा पहना कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पश्चिम बंगाल के राजपाल गोपाल कृष्ण गांधी द्वारा दीप जला कर की गयी। स्वागत भाषण दिया संस्था के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने। इस अवसर पर राजस्थानी गीत व नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रभा खेतान, संदीप भूतोड़िया, हर्षवर्द्धन नेवटिया, संजीव गोयनका व अन्य कई विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित थे। राजस्थान लोक नृत्य कलबेलिया की झलक भी इस अवसर पर देखने को मिली।

राजस्थान पत्रिका

कोलकाता » गुरुवार » 21 सितम्बर, 2006



श्यामानंद जालान को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हासिम अब्दुल हलीम, शारदा फतेहपुरिया को मानपत्र सौंपते राज्यपाल
की मिट्टी का कलश अनुराधा को सौंपती राजकुमारी पद्मजा।

# मारवाड़ी समाज से

कोलकाता, 20 सितम्बर (कासं.)। मारवाड़ी समाज के लोगों में एक विशेष प्रकार की दक्षता है। इससे धनोपार्जन में स्वतः वृद्धि होती है। वित्तवृति में तो वृद्धि होनी चाहिए लेकिन साथ ही अगर समाज सेवा में भी वृद्धि हो तो और अच्छा होगा। ऐसी परिस्थित में मारवाड़ी समाज से अपील है कि वे सहर्ष आगे आएं और बढ़-चढ़कर सामाजिक संकल्पों में सहयोगी हाथ बढ़ाएं। यह अपील राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी ने बुधवार को राजस्थान फाउण्डेशन की ओर से आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी के नाम से ही धन का नाद लगता है लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि इनके साथ विशाल सेवा भावना भी जुड़ी हुई है।

गांधी ने हाल ही में मरुभूमि में बाढ़ की विभिषिका जिक्र करते हुए लोगों को सहायता के हाथ बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जल संचय की जो अद्वितीय वैज्ञानिक कला थी, उसे पुनः जीवित करना होगा।

असम के राज्यपाल अजय सिंह ने राजस्थान फाउण्डेशन से अपील की कि वे सम्मान समारोह में ही नहीं वरन् राष्ट्र सृजन में भी अपनी अहम भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि एक समय में चीन के हाथ से असम को बचाने में राजस्थानियों का प्रभावी

## श्यामानंद, पुष्करलाल

विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योग
ओर से महानगर की जानी-मान
शाम को आयोजित सम्मान समा
शारदा फतेहपुरिया को पत्रा धाई
तथा अनुराधा हिमतसिंगका को
सम्मान क्रमशः राज्यपाल गोपाल
हासिम अब्दुल हलीम व मेवाड़
इस अवसर पर अखिल भारत
कहा कि हम अपनी ओर से इस
लिए भेजेंगे। इस बाबत केन्द्रीय
दिया है। हमें राज्यपाल तथा वि

59A



06





ौंपते राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी, पुष्करलाल केडिया को महाराणा स्मृति प्रदान करते अजय सिंह तथा हल्दीघाटी

पत्रिका

# सेवा में आगे आएं : गांधी

## पुष्करलाल, अनुराधा तथा शारदा सम्मानित

महत्वपूर्ण योगदान के लिए बुधवार को राजस्थान फाउण्डेशन की
की जानी-मानी चार हस्तियों को सम्मानित किया गया। बुधवार
त सम्मान समारोह में श्यामानंद जालान को प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार,
को पन्ना धाई अवार्ड, पुष्करलाल केडिया को तख्तमल जैन अवार्ड
मतसिंगका को मरूधर गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये
ज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी, अजय सिंह, राज्य विधानसभा अध्यक्ष
लीम व मेवाड़ की राजकुमारी पद्मजा कुमारी मेवाड़ ने प्रदान किए।
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने
नी ओर से इस वर्ष श्यामानंद जालान का नाम पद्मभूषण सम्मान के
बाबत केन्द्रीय मंत्री रामनिवास मिर्धा ने हमें पूर्ण सहयोग का आश्वासन
पाल तथा विधानसभा अध्यक्ष के सहयोग की भी जरूरत है।

योगदान रहा है। उन्होंने अपील की कि बंगाल के प्रवासी राजस्थानी उद्योगपति असम की ओर भी रूख करें और वहां पर अपने उद्यम के माध्यम से विकास की गति को और द्रुत करें। विधानसभा अध्यक्ष हासिम अब्दुल हलीम ने इच्छा जताई कि वर्षों पुरानी राजस्थान और बंगाल के मेलबंधन को आज की युवा पीढ़ी भी आगे बढ़ाए और इसमें राजस्थान फाउण्डेशन एक सार्थक भूमिका अदा करे। मेवाड़ की राजकुमारी पद्मजा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि इतिहास से आज तक राष्ट्र सृजन में राजस्थान अग्रिम पंति में रहा है। आज भी विकास और आर्थिक सम्पन्नता में हम अपनी पहल जारी रखे हुए है।मौके पर उपस्थित मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि राजस्थान और बंगाल के बीच का बंधन एक दशक या एक शदी का नहीं बल्कि 300-400 वर्ष पुराना है। कोलकाता एक महासमुद्र है और मारवाड़ी इस समुद्र के अहम भाग हैं।

आज के इस सम्मान समारोह में विधायक दिनेश बजाज, राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता के अध्यक्ष हरि मोहन बांगड़ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीताराम शर्मा ने बताया कि राजस्थान में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए श्री सीमेंट ने 5 लाख की सहयता राशि राजस्थान सरकार को दी है।

9A

हिंदी अखबारों में बेहतर विकल्प

# प्रभात खबर

कोलकाता, 21 सितंबर 2006

# धनोपार्जन के साथ समाज कल्याण जरूरी : गांधी



दीप जला कर समारोह का उद्‌घाटन करते राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी.

**कोलकाता :** जब कभी राजस्थान या मारवाड़ी समुदाय का नाम लिया जाता है, तो धनोपार्जन शब्द स्वत: ही सबके मुख पर आ जाता है. लेकिन केवल धनोपार्जन से समाज की उन्नति नहीं होनेवाली है. इसके साथ ही समाज कल्याण भी जरूरी है. ये बातें आज राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी ने राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही. आज राजस्थान फाउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी का स्वागत राजस्थान फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने राजस्थानी पगड़ी पहना कर कर किया. इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि राजस्थान जैसे प्रदेश में बाढ़ की स्थिति आयी है. इससे भी हमें शिक्षा लेना चाहिए. हमें अपने पुराने रीति-रिवाजों को नहीं छोड़ना चाहिए. राजस्थान में बरसात के पानी को जमा करके रखने की वैज्ञानिक कला है, इस कला को बचाये रखना हमारा कर्तव्य है. राजस्थान फाउंडेशन की ओर से महानगर के विभिन्न विद्यालयों को उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया. गीत-संगीत के लिए मनोधरा संस्था, राजस्थान गीत कला संगम व बांगड़ अभिनव संसद को पुरस्कृत किया गया. शिक्षा के लिए उर्वशी इंस्टीच्यूट व माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, सबसे अच्छे गीत के लिए माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल व हावड़ा शिक्षा सदन (गर्ल्स), सबसे अच्छी पोशाक के लिए ज्ञान भारती विद्यालय व मारवाड़ी बालिका विद्यालय को पुरस्कृत किया गया. अभिनव भारती हाईस्कूल को विशेष निर्णायक पुरस्कार दिया गया. इस अवसर पर असम के राज्यपाल अजय सिंह, पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष हसीम अब्दुल हलीम, कोलकाता नगर निगम के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य, महारानी पद्मजा कुमारजी मेवार, उद्योगपति हर्षवर्द्धन नेवटिया, भगवती प्रसाद बाजोरिया, विधायक दिनेश बजाज व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे. राजस्थान फाउंडेशन की ओर से ताजा टीवी पर एक नया कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है. प्रत्येक शनिवार को प्रात: साढ़े आठ बजे राजस्थान फाउंडेशन व महानगर के अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम प्रसारित होगा. राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष एचएम बांगर ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन सीताराम शर्मा ने किया.

- राजस्थान फाउंडेशन ने किया कइयों का सम्मान
- श्यामानंदा जालान को मिला प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार, शारदा फतेहपुरिया को दिया गया पन्नाधाय सम्मान
- पुष्करलाल केडिया, तख्तमल जैन सम्मान से सम्मानित
- अनुराधा हिमतसिंगका को दिया गया मरुधर गौरव पुरस्कार

Thursday, September 21, 2006

Hindustan Times




SATYABRATA DAS/HT

Governors of Assam and West Bengal, Lt Gen Ajay Singh and Gopal Krishna Gandhi, at a programme organised by the Rajasthan Foundation, Kolkata, on Wednesday. Shyamanand Jalan, Sharda Fatehpuria, Pushkar Lal Kedia and Anuradha Himatsingka were awarded on the occasion.

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# छपते छपते

कोलकाता एवं कटिहार से एक साथ प्रकाशित

कोलकाता ● आश्विन कृष्ण पक्ष 14 संवत् 2063 गुरुवार 21 सितम्बर 2006

## धनोपार्जन के साथ समाजसेवा राजस्थानी समाज की विशेषता : गांधी




*राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बायें से असम के राज्यपाल श्री अजय सिंह, प. बंगाल के राज्यपाल श्री गोपाल कृष्ण गांधी, संस्था के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ एवं विधानसभाध्यक्ष श्री हासिम अब्दुल हलीम। दायें राज्यपाल का राजस्थानी रस्म से स्वागत करते हुए फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया।*
- फोटो : छपते छपते

संवाददाता

कोलकाता, 20 सितंबर। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए प. बंगाल के राज्यपाल श्री गोपाल कृष्ण गांधी ने कहा कि धनोपार्जन में हुनर के साथ समाजसेवा विशेष अभावग्रस्त लोगों की मदद राजस्थान प्रवासियों का सबसे बड़ा गुण है। आज सायं आईटीसी होटल में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। असम के राज्यपाल श्री अजय सिंह, पं. बंगाल विधानसभाध्यक्ष श्री हाशिम अब्दुल हलीम, मेवाड़ की राजकुमारी पद्मिनी, कोलकाता के महापौर श्री विकास रंजन भट्टाचार्य, विधायक श्री दिनेश बजाज भी इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित थे।

श्री अजय सिंह ने कहा कि असम में भी बड़ी संख्या में मारवाड़ी रहते हैं। चीन के आक्रमण के समय भी उन्होंने पलायन नहीं किया। यह राजस्थानियों की खूबी है कि वे जहां रहते हैं, वहां के हो जाते हैं। महापौर श्री भट्टाचार्य ने कहा कोलकाता के विकास में राजस्थानी समाज का अवदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। प्रारंभ में श्री हरिमोहन बांगड़ ने संस्था की ओर से सभी का स्वागत किया। श्री संदीप भूतोड़िया ने प्रारंभिक भाषण दिया। श्री सीताराम शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद की रस्म विधायक श्री दिनेश बजाज ने निभाई।

इस अवसर पर श्री श्यामानंद जालान को प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार, श्री पुष्कर लाल केडिया को तख्तमल जैन सम्मान, श्रीमती शारदा फतेहपुरिया को पन्ना धाय सम्मान एवं सुश्री अनुराधा हिम्मत सिंहका को मरुधर गौरव सम्मान से नवाजा गया। साथ ही राजस्थान दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में उच्च प्रदर्शन हेतु संस्थाओं के प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का समापन राजस्थान से पधारी सुप्रसिद्ध नृत्यांगना गुलाबो के भावपूर्ण कालबेलिया नृत्य से हुआ। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल राजस्थान फाउंडेशन के साप्ताहिक टीवी प्रोग्राम 'थे और म्हे' का उद्घाटन किया। जिसका ताजा टीवी पर अक्टूबर महीने से प्रत्येक शनिवार को प्रात: 8.30 बजे प्रसारित किया जायेगा।

# राजस्थान फाउण्डेशन का सम्मान समारोह सम्पन्न

कलकत्ता महानगर की अग्रणी सामाजिक सांस्कृतिक संस्था राजस्थान फाउण्डेशन कलकत्ता शाखा का सम्मान समारोह गत २० सितम्बर को आई.टी.सी. सोनार बांग्ला में संस्था के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ और सचिव श्री संदीप भूतोड़िया कें अधिनायकत्व में सम्पन्न हो गया।

समारोह का उद्घाटन प. बंगाल के राज्यपाल श्री गोपाल कृष्ण गाँधी ने किया। श्री गाँधी ने उक्त अवसर अपना वक्तव्य रखते हुए राजस्थानियों के समाजसेवी गुणों की प्रशंसा की एवं प्रदेश के उद्यमियो के रूप में राजस्थानियों के हुनर की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस विशेष अवसर पर असम के राज्यपाल ले.जे. अजय सिंह ने असम में मारवाड़ी समाज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि मारवाड़ी समाज जहाँ जाते हैं वही के हो जाते हैं।

समारोह में कलकत्ता के मेयर श्री विकास रंजन भट्टाचार्य ने महानगर के औद्योगिक विकास में मारवाड़ी उद्यमियों के अवदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के प्रयास से ही कलकत्ता का विकास सम्भव हुआ है। इस अवसर पर सम्मानित




अतिथियों के आसन पर प. बंगाल विधान सभा के अध्यक्ष श्री एच.ए. हलीम एवं मेवाड़ की राजकुमारी पद्मिनी जी के साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

प्रस्तुत समारोह में श्री श्यामानन्द जालान को 'प्रवासी प्रतिभा' सम्मान, श्री पुष्कर लाल केडिया को 'तखमल जैन' सम्मान, श्रीमती शारदा फतेहपुरिया को पन्नाधाय सम्मान एवं सुश्री अनुराधा हिम्मत सिंहका को 'मरूधर गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही साथ राजस्थान दिवस पर पूर्व में आयोजित सांस्कृतिक समारोह के उल्लेखनीय प्रस्तुति कारको को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में आरम्भिक भाषण संस्था के सचिव संदीप भूतोड़िया ने दिया। संस्था के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया एवं प. बंगाल विधान सभा सदस्य श्री दिनेश बजाज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह का समापन राजस्थान की प्रसिद्ध नृत्यांगना 'गुलाबो' के भावपूर्ण कालबेलिया नृत्य से हुआ।

शनिवार २३ सितम्बर २००६ तक
संवाद सूत्र

दैनिक
# विश्वमित्र
सिर्फ पन्ने नहीं ढेर समाचार
कोलकाता, आश्विन कृष्ण १४, सम्वत् २०६३, वृहस्पतिवार २१ सितम्बर, डाक २२ सितम्बर २००६



सरक्षण आन्दोलन के अग्रणी श्री राजेन्द्र सिंह के विचारों का भी हवाला दिया।

समारोह के प्रारम्भ में राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने कहा कि यह समारोह न सिर्फ विशिष्ट उपलब्धियों का सम्मान करता है अपितु राजस्थान की समृद्ध विरासत को भी एक स्थान पर लाता है। समारोह का संचालन श्री सीताराम शर्मा ने किया। राज्यपाल श्री गांधी ने दीप

कौंसिल के सदस्य श्री हर्षवर्द्धन नेवटिया, कोलकाता कार्यसमिति के सदस्य श्री हरिप्रसाद बुधिया, बी.डी. सुरेका, प्रह्लाद राय अग्रवाल, डा. एस.के. शर्मा, तिलोकचंद डागा, विश्वम्भर नेवर के अतिरिक्त उद्योगपति श्री भगवती प्रसाद बाजोरिया, बालकृष्ण डालमिया, कृष्णकुमार खेमका, कलकत्ता चेम्बर के अध्यक्ष मनोज मोहनका आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दैनिक
# विश्वमित्र
सिर्फ पन्ने नहीं ढेर समाचार
कोलकाता, आश्विन कृष्ण १४, सम्वत् २०६३, वृहस्पतिवार २१ सितम्बर, डाक २२ सितम्बर २००६



राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता द्वारा होटल आईटीसी सोनार बंगला में आयोजित सम्मान समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए राज्यपाल श्री गोपालकृष्ण गांधी। साथ में हैं फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, विधानसभा अध्यक्ष श्री हाशिम अब्दुल हलीम, राजकुमारी पद्मजा कुमारीजी मेवाड़, विधायक श्री दिनेश बजाज, असम के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह और फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया। दूसरी ओर हैं अनुराधा हिम्मतसिंहका, श्रीमती शारदा फतेहपुरिया, श्री श्यामानंद जालान और श्री पुष्करलाल केडिया, जिन्हें अवार्ड प्रदान किये गए। -विश्वमित्र

## देश को आगे बढ़ाने में राजस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल

64A

## राजस्थान फाउंडेशन ने विशिष्ट विभूतियों को पुरस्कृत किया

देश को आगे बढ़ाने में राजस्थान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां वित्त वृद्धि में मारवाड़ी समाज को विशेष दक्षता प्राप्त है, वहीं राजस्थान में ऐसे आन्दोलन का सूत्रपात हुआ है जिसकी देन है सूचना का अधिकार कानून। इस कानून का क्रांतिकारी प्रभाव हो सकता है। इन्हीं विचारों के साथ आज पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री गोपाल कृष्ण गांधी ने राजस्थान फाउंडेशन के अभिनंदन समारोह का उद्घाटन किया।

इस समारोह में प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार, पन्ना धाय अवार्ड, तख्तमल जैन अवार्ड और मरूधर गौरव अवार्ड विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष उपलब्धियों के लिए प्रदान किये गये। साथ ही अनेक संस्थाओं, विद्यालयों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये।

इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे असम के राज्यपाल लेफ्टि. जनरल श्री अजय सिंह, प. बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष श्री हाशिम अब्दुल हलीम, मेयर श्री विकास रंजन भट्टाचार्य तथा उदयपुर के महाराणा श्री श्रीजी अरविन्द सिंहजी मेवाड़ की सुपुत्री राजकुमारी पद्मजा कुमारीजी मेवाड़।

मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री गोपाल कृष्ण गांधी ने कहा कि जब धनोपार्जन एक सीमा से आगे हो जाता है तो वह समाज को लौट जाना चाहिए। उन्होंने राजस्थानी समाज की सराहना की कि अधिक धनोपार्जन किसी न किसी रूप में वापस हो रहा है। उन्होंने राजस्थान में आयी बाढ़ के संदर्भ में कहा कि बाढ़ में कुछ प्राकृतिक प्रकोप हैं या कुछ और। उन्होंने प्राकृतिक प्रकोप के साथ विकास के कारण विध्वंस की चर्चा की और सुचारू जल प्रबंधन पर जोर देते हुए जल संरक्षण आन्दोलन के अग्रणी श्री राजेन्द्र सिंह के विचारों का भी हवाला दिया।

समारोह के प्रारम्भ में राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने कहा कि यह समारोह न सिर्फ विशिष्ट उपलब्धियों का सम्मान करता है अपितु राजस्थान की समृद्ध विरासत को भी एक स्थान पर लाता है। समारोह का संचालन श्री सीताराम शर्मा ने किया। राज्यपाल श्री गांधी ने दीप श्री भूतोड़िया ने उन्हें राजस्थानी पगड़ी पहनायी। साथ ही असम के राज्यपाल लेफ्टि. जनरल श्री अजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम को श्री विश्वम्भर दयाल सुरेका ने पगड़ी पहनाई। राजकुमारी पद्मजा कुमारीजी मेवाड़ को संस्था की अध्यक्षा डा. प्रभा खेतान ने चुनरी समर्पित कर सम्मानित किया। प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार श्री श्यामानंद जालान को साहित्य के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। इसमें उन्हें एक लाख रुपये, महाराणा प्रताप स्मृति चिन्ह और हल्दीघाटी की मिट्टी का कलश प्रदान किया गया। एक लाख रुपए श्री सीमेंट लि. की ओर से फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ द्वारा दिया गया है। विकलांगों की सेवा में सराहनीय योगदान के लिए शारदा फतेहपुरिया को पन्ना धाय पुरस्कार और समाजसेवी पुष्कर लाल केडिया को तख्तमल जैन पुरस्कार तथा पत्रकार अनुराधा हिम्मतसिंहका को मरुधर गौरव पुरस्कार प्रदान किये गये।

श्री सीमेंट की ओर से राजस्थान के बाढ़ पीड़ितों के लिए पांच लाख रुपए दिये गये। मरुधारा, राजस्थान गीत कला संगम, बांगड़ एवेन्यू संसद, उर्वसी इंस्टीच्यूट, माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, ज्ञान भारती विद्यालय, मारवाड़ी बालिका विद्यालय और अभिनव भारती विद्यालय के प्रतिनिधियों को भी पुरस्कार दिये गये। विधानसभाध्यक्ष ने श्री श्यामानंद जालान की उपलब्धियों की सराहना की। असम के राज्यपाल ले. जनरल सिंह ने राष्ट्र निर्माण में राजस्थानी समाज के भूमिका का उल्लेख किया। राजकुमारी पद्मजा कुमारीजी ने देश के विकास में राजस्थानियों की भूमिका की सराहना की और बधाई दी। इस अवसर पर विधायक श्री दिनेश बजाज, राजस्थान फाउंडेशन गवर्निंग कौंसिल के सदस्य श्री हर्षवर्द्धन नेवटिया, कोलकाता कार्यसमिति के सदस्य श्री हरिप्रसाद बुधिया, बी.डी. सुरेका, प्रह्लाद राय अग्रवाल, डा. एस.के. शर्मा, तिलोकचंद डागा, विश्वम्भर नेवर के अतिरिक्त उद्योगपति श्री भगवती प्रसाद बाजोरिया, बालकृष्ण डालमिया, कृष्णकुमार खेमका, कलकत्ता चेम्बर के अध्यक्ष मनोज मोहनका आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

64B


THE FINANCIAL EXPRESS
FRIDAY, SEPTEMBER 22, 2006


**Rajasthan Foundation Samman Samaroh '06**

The award giving ceremony of the Rajasthan Foundation to honour men and women of Rajasthani origin for their noteworthy work in their respective fields was held on September 20, 2006 at a city hotel. The governor of West Bengal, Gopal Krishna Gandhi, was the chief guest.

The Statesman
25 September MONDAY 2006

# SPIRIT unchained








OUSTED by community members before she entered her teens, achieving fame hasn't been an easy task for Gulabo Sapera. After being rejected by the *sapera* (snake charmer) society of Ajmer, Gulabo's determination egged her on to become a performer of renown. She has travelled across the globe and has collaborated with the French musician Thierry "Titi" Robin.

She is from a community that was somewhat


6TA

nomadic. Gulabo has shown them the benefits of having a home. Having won many a heart with the kalbeliya dance form, she now plans to establish the kalbeliya *gharana*. Recently in town to perform at the Rajasthan Foundation awards ceremony, **Unplugged** caught up with her.

"With three brothers and three sisters, growing up was exciting. I was my father's apple of the eye. I used to dance for no reason and this was not appreciated by members in the community. A girl dancing! This was unacceptable. Once some women took me to dance during holi. After I returned, my father and I had to meet the panchayat. They were not amused by the fact that a little girl had danced in the city. Girls were meant to stay at home, cook and clean. I was punished. But my father's support was unfailing. Soon, I began visiting the jungle to dance in peace. People thought I was possessed!" says Gulabo.

Her father was a snake charmer, who went around demonstrating his skills. Every time he left for work, Gulabo would cry. "One day he returned home to find me running a temperature. My mother said: 'she heard the *pungi* after you left. And ever since she has not stopped crying'. But my father couldn't take me around, for I needed to be breast-fed."

When she was 12, Gulabo enthralled the crowd at the Pushkar fair,



which is held near Ajmer. She earned the respect of Hanumant Singh and Tripti Pandey, who realised the potential in the girl. In 1986, a campaign, Festival of India, was undertaken to project a new image of India overseas. Rajeev Sethi was one of the key organisers and he remembered Gulabo. She was selected to perform in Washington. This was her ticket to fame.

"After I was shunned by community members, I continued to dance. I was not dancing for money. The only rewards I was looking for were Parle G biscuits and *kachori*. Parle G biscuits make a nice *kur-kur* sound when chomped. A day without dancing gave me sore feet."

Gulabo has inspired several of her community members to join her troupe. She even became a visiting teacher in Copenhagen, Denmark, to train children there in body awareness and dance. Now Gulabo manages a team of *sapera* dancers and along with French guitarist Thierry Robin has released a CD entitled *Rakhi* on the folklore of India and France. The cultural department of France has made a short film on her life. She is also the recipient of the President's Award and the Sangeet Natak Academy Award.

**After I was shunned by community members, I continued to dance. I was not dancing for money. The only rewards I was looking for were Parle G biscuits and *kachori***



"In 1991 I visited Paris where I met Thierry. Since 1992 we have been performing together. At present, I am busy constructing a school where the kalbeliya dance form will be taught. It should be given the status of a gharana. With fusion music becoming popular, I want to hold fort. Work on the school will begin next year. I wonder why God has been so kind to me."

On the 2002 album, *Rakhi*, Robin and Gulabo were joined by Indian and French musicians -- Saway Nath, Banwari Sapera, Bruno El Gitano, Farid "Roberto" Saadna, Ram Swarup, François Laizeau, Jorge "Negrito" Trasante, Banwari Nath, Pascal "Kalou" Stalin, Sarwan Nath, Renaud Pion, Bijan Chemirani and Dinesh Sapera.

Gulabo was in town to perform at the prestigious Samman Samaroh, organised by Rajasthan Foundation. The foundation awards people of Rajasthani origin who have made significant contributions to society through their work.

■ **Mathures Paul**

# All for noble deeds



Secretary Sundeep Bhutoria (right) with the Governor



P R Agarwal, HP Budhia, Harsh Neotia and Mayor Bikash Ranjan Bhattacharyay



Governor lighting the lamp as (from left to right) HM Bangur, HA Halim, Princess Mewar, Dinesh Bajaj, Sitaram Sharma & Lt Ajay Singh look on

Despite the rains, festivity is in the air. **The Rajasthan Foundation**, Kolkata, had recently arranged for Samman Samaroh, the award ceremony at a city-based five star hotel, as an honest venture to acknowledge the contribution of certain prominent members of the society. This award giving ceremony was attended by **Lt. General Ajay Singh**, hon'ble governor of Assam, **Hasim Abdul Halim**, speaker, West Bengal Legislative Assembly, **Bikas Ranjan Bhattacharya**, mayor of Kolkata, **Dinesh Bajaj**, only Rajasthani member in Bengal government, **Padmaja Kumari Mewar**, princess of Udaipur and the chief guest **Gopal Krishna Gandhi**, governor of West Bengal. The function was attended by the who's who of Rajasthani community of Kolkata including government officials who are originally from Rajasthan like **Rajesh Kumar** IPS and **ML Meena** IAS, industrialists **BP Bajoria, SK Khaitan, Dr Prabha Khaitan** and honorary consuls **BK Dalmia, KK Khemka**. Few reputed social workers and councilors were also present at the do.

**Sundeep Bhutoria** (secretary) honoured the chief guest by gifting him the traditional Rajasthani turban. He informed, "This felicitation ceremony was scheduled during the Rajasthan festival but due to the sudden demise of Anil Biswas we had to postpone it." Added **HM Bangur**, "This year, we have nominated four personalities from different walks of life." **Shyamanand Jalan** received the prestigious Pravasi Pratibha Puraskar for his immense contribution in varied fields. **Sharda Fatehpuri** was awarded the Panna Dhay Samman, while the Takhatmal Jain Samman was received by **Pushkar Lal Kedia**. The Marudhar Gaurav award was received by a journalist working for a leading daily. Various prizes and rewards were also given away to the winners and runners up of the dancing, singing and dress competition held during the Rajasthani festival this year. Among the VIPs of Rajasthan community one also spotted **Harsh Neotia** member of the governing council of the foundation along with **HP Budhia** and **PR Agarwal** who are the committee members. The programme ended with a colourful display of Rajasthani songs and dances. The crowd applauded in enthusiasm as acclaimed dancer **Gulabo Sapera** took the stage by storm.

CALCUTTA TIMES, THE TIMES OF INDIA
THURSDAY 28 SEPTEMBER 2006

# विश्व जैन संस्कृति की अहिंसा से सीख ले : डॉ किदवई



डॉ एआर किदवई के साथ संदीप भूतोड़िया.

**कोलकाता :** अहिंसा की जो तालीम जैन संस्कृति से मिलती है, वह विश्व में किसी भी संस्कृति से नहीं मिलती. अहिंसा की यह सीख पूरा विश्व ले सकता है. यह कहना है हरियाणा के राज्यपाल डॉ एआर किदवई का. जैन संस्कृति संसद के कार्यक्रम में पहुंचे डॉ किदवई ने कहा कि जैन संस्कृति को आधुनिक रूप में दुनिया के सामने पुस्तक की शक्ल में पेश किया जाना चाहिए. जैन संस्कृति की सोच को धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए, बल्कि इसे दर्शन के रूप में देखा जाना चाहिए. आज पूरे विश्व में बिजनेस मैनेजमेंट की जो शिक्षा दी जाती है, वह जैन समाज को विरासत में मिली है. बंगाल में कारोबार के विकास में जैन समाज के योगदान पर भी उन्होंने चर्चा की. डॉ किदवई ने बिहार में अपने राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान शिखरजी के संबंध में अपने प्रयासों का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि जिस तरह तिरुपति मंदिर द्वारा मेडिकल कॉलेज आदि संचालित है, उसी तरह शिखरजी के लिए भी प्रयास किया जाना चाहिए. कार्यक्रम के अध्यक्ष संदीप भूतोड़िया ने कहा कि जैन समाज को अब प्रगति के पथ पर जोर-शोर से चलना चाहिए. कार्यक्रम के प्रधान अतिथि व विधायक दिनेश बजाज ने कहा कि बंगाल के राज्यपाल होने के दौरान डॉ किदवई के प्रयास से ही राजभवन के दरवाजे आम जनता के लिए खुले. कार्यक्रम के संयोजक तिलोकचंद डागा ने कहा कि डॉ किदवई जितना जैन व बौद्ध समाज की समझ रखते हैं, शायद ही कोई जैन धर्मावलंबी भी इतनी जानकारी रखता हो. डॉ किदवई का कार्यक्रम में तिलक से स्वागत तारादेवी सुराणा ने किया. उनका अभिनंदन करनेवालों में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष व बेलारूस के काउंसिल सीताराम शर्मा, राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष बीडी सुरेका, श्री जैन सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र बांठिया, शिखरजी के ट्रस्टी आनंद ओसवाल, दिगंबर समाज के विमल पाटनी, जैन श्वेतांबर तेरापंथी समाज के उपाध्यक्ष धरमचंद राखेचा, मानव कल्याण समिति के गजराज चोरड़िया, संस्कृति शोध के अमरचंद पुगलिया, पश्चिम बंगाल वेलफेयर सोसायटी के बाबूलाल तारक, सीकर नागरिक परिषद के रामगोपाल बागला, अग्रसेन समाज के बाबूलाल बोथरा, अरविंद जालान, उदय अग्रवाल शामिल थे. संदीप भूतोड़िया ने डॉ किदवई को शाल व पगड़ी पहनाया. जैन विश्वभारती के रंजीत कोठारी को डॉ किदवई ने उनके कार्यों के लिए पगड़ी व शाल भेंट की. दक्षिण कोलकाता तेरापंथ भवन के महासचिव सुरेंद्र दुगड़ को भी उन्होंने यह सम्मान दिया.

प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन


कोलकाता, सोमवार, 13 नवंबर 2006

# जैन समाज ने किया राज्यपाल का स्वागत, सम्मान

कोलकाता, 12 नवम्बर (प.सं.)। जैन संस्कृति संसद व जैन समाज की ओर से रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के राज्यपाल डॉ. एआर किदवई का स्वागत सम्मान किया गया। उन्हें यह सम्मान परम्परागत पगड़ी और शाल ओढ़ाकर किया। इस अवसर पर हरियाणा के वर्तमान एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल किदवई ने कहा जैन तीर्थंकरों के अहिंसा के मूलमंत्र को अपना कर समूचे विश्व को आंतकवाद की अग्नि में जलने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बुद्ध और महावीर द्वारा प्रतिपादित धर्म हमारी ही नहीं विश्व धरोहर है। उन्होंने जैन समाज से आग्रह किया कि वे जैन पंथ की धार्मिक पुस्तकों और शास्त्रों का नए तरीके से प्रकाशन कराएं। इसका प्रसार, प्रचार कराएं। इस कार्य से विश्व समाज लाभान्वित होगा।

कोलकाता >> सोमवार >> 13 नवम्बर, 2006

राजस्थान पत्रिका



. जैन संस्कृति संसद द्वारा हरियाणा के राज्यपाल डॉ. आर. किदवई के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. किदवई के साथ राजस्थान फाउण्डेशन के सचिव श्री संदीप भुतोड़िया।

**सेवासंसार**

सोमवार, 13 नवम्बर 2006



राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया, हरियाणा के राज्यपाल ए आर किदवई का स्वागत करते हुए। साथ में हैं विधायक दिनेश बजाज।

छपते छपते, कोलकाता, सोमवार, 13 नवम्बर-2006

روزنامہ
اخبارِ مشرق
کلکتہ

سوموار ۱۳ر نومبر ۲۰۰۶ء مطابق ۲۱ر شوال المکرم ۱۴۲۷ھ

# دنیا کو انسانیت کی تعلیم مذہب سے سیکھنی چاہئے: قدوائی

## جین مذہب کے ایک پروگرام میں سابق گورنر مغربی بنگال کا خطاب

کلکتہ: 12 نومبر (مشرق نیوز سروس): آج کلکتہ میں جین سنسکرتی سنسد کے زیر اہتمام ایک پروگرام "انسانیت کی تعلیم" کے موضوع پر شرکاء پروگرام سے خطاب کرتے ہوئے ہریانہ کے گورنر ڈاکٹر اخلاق الرحمٰن قدوائی نے جین مذہب میں تعلیم اور انسانیت کے تصور پر اظہار خیال کرتے ہوئے کہا کہ جین اور بودھ مذاہب نے تعلیم اور انسانیت کو پھیلانے کے سلسلے میں مغربی بنگال، بہار میں بالخصوص اور ملک کی دیگر ریاستوں میں بالعموم قابل ذکر خدمات انجام دی ہیں نیز زندگی کے دیگر شعبوں میں بھی اچھا کام کیا ہے۔ جین مذہب سے متعلق ڈاکٹر اخلاق الرحمٰن قدوائی نے کہا کہ اس مذہب میں انسانیت سے متعلق تمام اسباق لائق پیروی ہیں اور یہ عالم انسانیت کیلئے بہت مفید اور مشعل راہ ہیں۔ انھوں نے مزید کہا کہ ان اسباق کا مطالعہ اگر مذہبی جذبات سے ہٹ کر بھی کیا جائے تو بھی انسانیت کیلئے کارگر ہیں۔ اخلاق الرحمٰن قدوائی نے جین مذہب کا مزید خلاصہ کرتے ہوئے کہا کہ یہ ایسا مذہب ہے جو تخلیق انسانی کے مقصد کی تکمیل کے ساتھ دنیاوی زندگی میں انسانی ضروریات کی تکمیل کیلئے مادی وسائل کی نشاندہی بھی کرتا ہے اور یہی وجہ ہے کہ تجارتی اصول وضوابط کے یہاں ذخائر موجود ہیں بس ان تجارتی اصولوں کو اپنانے اور معیشت کو مستحکم کرنے کی ضرورت ہے۔ ہریانہ کے گورنر نے اپنے خطاب میں کہا کہ اس مذہب میں مساوات کی تعلیم دی گئی ہے اور اسی مساوات کا ثمرہ ہے کہ اسے دنیا کے مشرقی خطے میں کافی فروغ ملا۔ انھوں نے کہا کہ آج تمام مذاہب کے پیروکاروں کو یہ بات پیش نظر رکھنی چاہئے کہ اتحاد اور بھائی چارے کے اصول پر عمل کریں۔ ایسا کرنے سے جو طاقت حاصل ہوگی وہ سالمیت کی عظیم طاقت ہوگی اور ناقابل تسخیر ہوگی۔ اس پروگرام میں راجستھان فاؤنڈیشن کے سکریٹری سندیپ بھجوریا، ایم ایل اے دنیش بجاج، جین مذہب کے عالمی خزانچی رنجیت سنگھ کوٹھاری اور سماجی کارکن سید عثمان جاوید موجود تھے۔

# हरियाणा के राज्यपाल का अभिनंदन




हरियाणा के राज्यपाल डा. ए आर किदवई का स्वागत करते जैन संस्कृति संसद के अधिकारी — जागरण

जागरण संवाद, कोलकाता : जैन संस्कृति संसद ने रविवार को तीज रेस्टोरेंट में हरियाणा के राज्यपाल डा. अब्दुल रहमान किदवई का स्वागत किया। स्वागत समारोह में विधायक दिनेश बजाज, राजस्थान फाउंडेशन के महासचिव संदीप भूतोड़िया, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सीताराम शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री भूतोड़िया ने श्री किदवई को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर, शाल व मोमेंटो देकर जैन समाज की तरफ से उनका स्वागत किया।

श्री किदवई ने कहा कि मैं गत पंद्रह वर्षों से मारवाड़ियों के बीच रहा हूं। इस समाज ने हमेशा सकारात्मक विकास कार्य किया है। बिहार का यह सौभाग्य है कि 24 जैन तीर्थंकरों में 22 ने बिहार में समाधि ली। उन्होंने कहा कि तिरूपति मंदिर में दान में मिली हुई राशि से तिरूपति मेडिकल, डेंटल व इंजीनियरिंग कालेज चल रहे हैं जिससे सामाजिक विकास हो रहा है। तिरूपति से अधिक दान जैन मंदिरों को मिलता है इसलिए जैन संस्थाओं को भी मेडिकल, इंजीनियरिंग व डेंटल कालेज खोलकर समाज विकास का कार्य करना चाहिए। इसके अलावा युवा छात्रों में जैन धर्म के अहिंसावाद का पाठ पढ़ाया जाय। अहिंसावाद की जो शिक्षा जैन धर्म ने दी वह किसी अन्य धर्म ने नहीं दिया। जैन अध्ययन केंद्र से जैन अहिंसावादी पुस्तकों को प्रकाशित कर इसका प्रचार किया जाय। स्वागत समारोह में जैन समाज के अध्यक्ष संदीप बांठिया, श्वेतांबर समाज के सचिव आनंद ओस्तवाल, जैन श्वेतांबर तेरापंथी की ओर से विमल पाटनी, मानव कल्याण समिति की ओर से गजराज चौड़िया, सांस्कृतिक शोध संस्थान की ओर से अमर चंद्र पुंगलिया, वेस्ट बंगाल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से बाबू लाल पारख, सीकर नागरिक परिषद की ओर से राम गोपाल बागला ने महामहिम का स्वागत किया।

दैनिक जागरण

सोमवार, 13 नवंबर 2006



जैन संस्कृति संसद द्वारा हरियाणा के राज्यपाल डॉ. ए. आर. किदवई के सम्मान में राजस्थान फाउण्डेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में संस्था अध्यक्ष श्री तिलोकचन्द डागा एवं विधायक श्री दिनेश बजाज।


# सन्मार्ग

।। सन्मार्ग एव सर्वत्र पूज्यते नापथः क्वचित ।।

सोमवार, 13 नवम्बर 2006, कोलकाता



जैन संस्कृति संसद द्वारा हरियाणा के राज्यपाल डा. अब्दुल रहमान किदवई के स्वागतार्थ आयोजित मिलन गोष्ठी में विधायक श्री दिनेश बजाज, संचालक श्री तिलोकचन्द डागा एवं समारोह के अध्यक्ष व राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया। साथ में इस अवसर पर उपस्थित हैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा एवं उद्योगपति श्री विश्वम्भर दयाल सुरेका। -विश्वमित्र

दैनिक
विश्वमित्र
कोलकाता, सोमवार १३ नवम्बर २००६

|| श्री गणेशाय नमः || || श्री श्याम देवाय नमः || || श्री हनुमते नमः ||

# समय-संसार

## हरियाणा के राज्यपाल डॉ० ए० आर० किदवई का कोलकाता में अभिनन्दन

**कोलकाता :** जैन संस्कृति संसद ने बीतें दिनों तीज रेस्टोरेंट में हरियाणा के राज्यपाल डा. अब्दुल रहमान किदवई का हार्दिक अभिनन्दन किया। डा. किदवई के सम्मान मे आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा विधायक श्री दिनेश बजाज, राजस्थान फाउंडेशन के महासचिव श्री संदीप भुतोड़िया, सुप्रभात मीडीया के चैयरमेन श्री तिलोक चन्द डागा, जैन समाज के अध्यक्ष संदीप बांठिया, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, श्वेताम्बर समाज के सचिव श्री आनन्द ओस्तवाल, श्री गजराज चोरड़िया, श्री अमर चन्द पुंगलिया, श्री बाबु लाल पारख, श्री गोपाल बागला सहित बतौर मेहमान डा. किदवई के स्वागत मे उपस्थित थे। राजस्थान फाउंडेशन के महासचिव श्री संदीप भुतोड़िया ने डा. किदवई का राजस्थानी परम्परागत तरीके से स्वागत कर उन्हें पगड़ी पहनाकर, शाल व मोमेंटो देकर जैन समाज की तरफ से उनका स्वागत किया।



जैन संस्कृति संसद द्वारा ममामहिम राज्यपाल डॉ० ए. आर. किदवई के सम्मान में आयोजित गोष्ठी के अवसर पर सुप्रभात मिडीया के चैयरमैन श्री तिलोक चन्द डागा, श्री संदीप भुतोडिया, डॉ० ए. आर. किदवई एवं श्री दिनेश बजाज (विधायक)।

**1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक**



अजमेर जिले के ब्यावर कस्बे में सोमवार को गुरु श्री मुक्ता मिश्री हार्ट सेंटर के शिलान्यास समारोह में माणिकचंद ग्रुप के रसिक लाल धारीवाल व श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक हरिमोहन बांगड़ के साथ मंचासीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे।

# स्वास्थ्य पर खर्च होंगे पांच सौ करोड़

## मुख्यमंत्री ने किया हार्ट सेंटर का शिलान्यास

अजमेर, 13 नवम्बर (का.सं.)। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए पांच सौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके लिए मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। सरकार चिकित्सा सेवाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढाने के लिए सहूलियत मुहैया कराएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को ब्यावर में 25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गुरु श्री मुक्ता मिश्री हार्ट सेंटर के शिलान्यास के बाद समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में भी सेंटर फॉर एक्सीलेंस के विकास के बारे में सोच रही है। सरकार का प्रयास है कि विभिन्न जगहों पर विभिन्न बीमारियों के उपचार की विशेषज्ञ टीम नियुक्त की जाए। वसुंधरा राजे ने कहा कि सरकार ने हाल ही में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान अधिनियम पारित किया है।

इसका मकसद प्रदेश में चिकित्सा से सम्बंधित रिसर्च को बढावा देना है। इस अवसर पर जैन संत रूपमुनि ने कहा कि गुरु श्री मुक्ता मिश्री हार्ट सेंटर में हर वर्ग के मरीजों का इलाज किया जाएगा। यह अस्पताल सेवा के उद्देश्य से बनाया जा रहा है न कि कमाई करने के लिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक हरिमोहन बांगड़ और स्वागताध्यक्ष माणिकचंद ग्रुप के रसिक लाल धारीवाल थे।

कोलकाता » मंगलवार » 14 नवम्बर 2006

राजस्थान पत्रिका



राजस्थान में मुक्त मिश्री हार्ड सेंटर के शिलान्यास समारोह के अवसर पर लिये गये चित्र में उद्घाटनकर्ता मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया एवं समारोह के अध्यक्ष राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़।


दैनिक विश्वमित्र

कोलकाता, १५ नवंबर २००६



राजस्थान में मुक्ता मिश्री हार्ट सेंटर के शिलान्यास समारोह के अवसर पर लिए गए चित्र में उद्घाटनकर्ता मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे एवम् समारोह अध्यक्ष राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बाँगड़।

**'सन्मार्ग' कोलकाता**
**बुधवार 15 नवम्बर 2006**

# नरपत सिंह राजवी की कोलकाता यात्रा २२ एवं २३ नवंबर को



कोलकाता, १७ नवम्बर (नि.प्र.)। राजस्थान के उद्योग एवं अप्रवासी मामलों के मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी २२ एवं २३ नवंबर को दो दिनों की कोलकाता यात्रा पर आ रहे हैं। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चेप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि श्री राजवी की इस यात्रा का मूल उद्देश्य राजस्थान में उद्योग की प्रगति को दर्शाना एवं इच्छुक निवेशकों को आकर्षित करना है। राजस्थान उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उद्योग प्रदर्शनी का वे उद्घाटन करेंगे तथा राजस्थान में निवेश हेतु इच्छुक निवेशकों के साथ होटल ताज बंगाल में सीधी बातचीत भी करेंगे। २३ तारीख को अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उनके सम्मान में बंगाल चेंबर ऑफ कामर्स में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई कि उद्योग एवं अप्रवासी मंत्री के इस यात्रा के दौरान चूंकि अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ एवं सचिव श्री संदीप भूतोड़िया विदेश यात्रा पर रहेंगे, अतः कोलकाता चेप्टर के कार्यसमिति के सदस्य श्री त्रिलोकचंद डागा एवं कार्यक्रम उपसमिति के सदस्य श्री भानीराम सुरेका को यह भार दिया गया है कि वे अप्रवासी राजस्थानियों एवं संस्थाओं से श्री राजवी से संवाद सुनिश्चित करें। श्री राजवी के साथ राजस्थान फाउन्डेशन के कार्यकारी निदेशक श्री मनोज कुमार शर्मा सहित उच्चाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल भी कोलकाता आ रहा है।

**दैनिक विश्वमित्र** कोलकाता, १८ नवम्बर २००६

## राजस्थान के उद्योग मंत्री की कोलकाता यात्रा

कोलकाता। राजस्थान के उद्योग एवं अप्रवासी मामलों के मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी 22 एवं 23 नवंबर को दो दिनों की कोलकाता यात्रा पर आ रहे हैं। राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चेप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि श्री राजवी की इस यात्रा का मूल उद्देश्य राजस्थान में उद्योग की प्रगति को दर्शाना एवं इच्छुक निवेशकों को आकर्षित करना है। राजस्थान उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उद्योग प्रदर्शनी का वे उद्घाटन करेंगे तथा राजस्थान में निवेश हेतु इच्छुक निवेशकों के साथ होटल ताज बंगाल में सीधी बातचीत भी करेंगे। 23 तारीख को अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उनके सम्मान में बंगाल चेंबर ऑफ कामर्स में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।



राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी कि उद्योग एवं अप्रवासी मंत्री के इस यात्रा के दौरान चूंकि अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ एवं सचिव श्री संदीप भूतोड़िया विदेश यात्रा पर रहेंगे, अतः कोलकाता चेप्टर के कार्यसमिति के सदस्य श्री तिलोकचंद डागा एवं कार्यक्रम उपसमिति के सदस्य श्री भानीराम सुरेका को यह भार दिया गया है कि वे अप्रवासी राजस्थानियों एवं संस्थाओं से श्री राजवी से संवाद सुनश्चित करें। श्री राजवी के साथ राजस्थान फाउण्डेशन के कार्यकारी निदेशक श्री मनोज कुमार शर्मा सहित उच्चाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल भी कोलकाता आ रहा है।

'सन्मार्ग' कोलकाता
शनिवार 18 नवम्बर 2006

## राजस्थान
## कोलकाता और…



राजस्थान के उद्योग एवं अप्रवासी मामलों के मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी 22 एवं 23 नवंबर को दो दिनों की कोलकाता यात्रा पर आ रहे हैं। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि राजवी की इस यात्रा का मूल उद्देश्य राजस्थान में उद्योग की प्रगति को दर्शाना एवं इच्छुक निवेशकों को आकर्षित करना है। राजस्थान उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उद्योग प्रदर्शनी का वे उद्घाटन करेंगे तथा राजस्थान में निवेश हेतु इच्छुक निवेशकों के साथ होटल ताज बंगाल में सीधी बातचीत भी करेंगे।23 को अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उनके सम्मान में बंगाल ऑफ कॉमर्स में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। श्री राजवी के साथ राजस्थान फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक श्री मनोज कुमार शर्मा सहित उच्चाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी उनके साथ कोलकाता आ रहा है।

छपते छपते, कोलकाता, शनिवार, 18 नवम्बर

## नरपत सिंह राजवी कोलकाता आयेंगे

**कोलकाता:** राजस्थान के उद्योग एवं अप्रवासी मामलों के मंत्री नरपत सिंह राजवी 22 व 23 दिसम्बर को दो दिवसीय यात्रा पर कोलकाता आ रहे है. वे राजस्थान उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उद्योग प्रर्दशनी का उद्घाटन करेंगे. श्री राजवी राजस्थान में निवेश के इच्छुक उद्योगपतियों से ताज बंगाल में सीधी बातचीत भी करेंगे. राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी देते हुए चेप्टर के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि श्री राजवी के कोलकाता आगमन का मुख्य उद्देश्य राजस्थान की प्रगति को दर्शाना एवं निवेशकों को आमंत्रित करना है. श्री राजवी 23 नवम्बर को अन्तरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा बंगाल चेंबर आफ कामर्स में आयोजित सम्मान समारोह में भी शिरकत करेंगे. राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता शाखा द्वारा जारी सूचना के मुताबिक शाखा अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ व सचिव संदीप भूतोड़िया की विदेश यात्रा के तय कार्यक्रम के कारण उनकी अनुपस्थिति में त्रिलोकचंद डागा व भानीराम सुरेका अप्रवासी राजस्थानियों व उद्योग मंत्री के बीच संवाद कायम करेंगे.

प्रभात खबर
18 नवंबर, शनिवार, 2006

## राजवी की कोलकाता यात्रा 22 से

कोलकाता, 17 नवम्बर (वि.)। राजस्थान के उद्योग एवं अप्रवासी मामलों के मंत्री नरपत सिंह राजवी 22 नवंबर को दो दिनों की कोलकाता यात्रा पर आ रहे हैं। राजवी की इस यात्रा का उद्देश्य राजस्थान में उद्योग की प्रगति को दर्शाना एवं इच्छुक निवेशकों को आकर्षित करना है। यहां वह राजस्थान उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। साथ ही राजस्थान में निवेश के लिए इच्छुक निवेशकों के साथ सीधी बातचीत करेंगे। 23 तारीख को अंतराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उनके सम्मान में बंगाल चेंबर ऑफ कामर्स में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।

**राजस्थान पत्रिका** कोलकाता » शनिवार » 18 नवम्बर 2006

# विकास की दृष्टि से बदली है राजस्थान की तस्वीर



कोलकाता: राजस्थान की कला, लोक संगीत और हस्तशिल्प विश्व भर में प्रसिद्ध है। यहां का मार्बल व ग्रेनाइट विदेशों में भी निर्यात किया जाता है। हस्तशिल्प से राज्य को प्रतिवर्ष 2500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य के उद्योग मंत्री नरपत सिंह रिजवी ने दी। उन्होंने बताया कि विकास की दृष्टि से राजस्थान की तस्वीर काफी बदल गयी है। सबसे ज्यादा विदेशी पर्यटक राजस्थान में आते हैं, इससे पर्यटन उद्योग में बढ़ोतरी हुई है। मंत्री ने कहा कि अगर राजस्थान के हस्तशिल्पी और बंगाल के विद्वान व बुद्धिजीवी मिलकर कार्य करें, तो न केवल सांस्कृतिक सम्पर्क बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक विकास के अवसर भी बढ़ेंगे। हस्तशिल्प, पर्यटन, सूती धागे व कपड़े, केमिकल्स, रबड़ और मार्बल के व्यवसाय में अग्रणी राजस्थान आने वाले समय में उत्कृष्ट व्यापार केन्द्र बनेगा। हाईवे व पर्यटन स्थल के विकास के लिये 1200 करोड़ रुपये निवेश किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 118.17 करोड़ के निवेश की 16 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। राजस्थान की औद्योगिक गतिविधियों की चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नोलेज कोरिडोर, आई टी पार्क, गोल्ड सूक, फिल्म सिटी को विकसित करने का निर्णय लिया है, इससे निवेश हेतु आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने में सहयोग मिलेगा। निवेशकों को आसानी से भूमि उपलब्ध करवाने के लिये प्रत्येक जिले में भूमि बैंक बनाया जायेगा। कोटा, जोधपुर और श्रीगंगानगर में कृषि आधारित व खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का विकास करने हेतु फूडपार्क विकसित किये गये हैं। उन्होंने दावा किया कि अगले 5 वर्षों में राज्य का प्रत्येक गांव सड़कों से जोड़ दिया जायेगा। इस मौके पर विधायक दिनेश बजाज, उद्योग सचिव पुरुष्योत्तम अग्रवाल, अशोक सम्पतराम, कुलदीप रांका व अन्य मौजूद थे।



*ताज बंगाल में राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री नरपतसिंह राजवी को सम्मानित करते हुए राजस्थान फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य श्री तिलोकचन्द डागा, सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री विमल कुमार पाटनी, श्री संजय जैन, विकास पाटनी आदि।*

'सन्मार्ग' कोलकाता
गुरुवार, 23 नवम्बर, 2006

# राजस्थान में पूंजी निवेश के अनुकूल माहौल : रजवी

कोलकाता, 22 नवंबर। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व में बनी सरकार के पश्चात सड़क, बिजली के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। जिसके फलस्वरूप कई विदेशी निवेशकों ने राजस्थान में निवेश किया है। राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह रजवी ने आज पत्रकार सम्मेलन में कहा कि औद्योगिक विकास को त्वरितता प्रदान करने के लिए लागू की गयी नीतियों, उत्पादकता बढ़ाने एवं लघु व कुटीर उद्योगों के संगठित विकास की व्यूह रचना की गयी है, जिसके कारण लगभग 178 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। वृहद एवं मध्य उद्योगों में 24292 करोड़ रुपए का एवं लघु उद्योग में 4367 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कॉरिडोर, आईटी पार्क, गोल्डसूक फिल्म सिटी को विस्तृत करने का निर्णय लिया है। राज्य में फिलहाल 50278.6 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा तथा अगले 3-4 वर्षों में ऐसी योजना तैयार की गयी है जिससे 695 मेगावाट बिजली की उत्पादन और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उद्योग को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने उद्योगपतियों को किफायती कीमत पर जमीन देने का निर्णय लिया है।

अगले 5 वर्षों में राज्य के प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ दिया जायेगा। मीटरगेज को ब्रोडगेज में परिवर्तित करने से राज्य के औद्योगिक शहरों को महत्वपूर्ण गंतव्यों से बेहतर ढंग से जोड़ दिया जायेगा। जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास किया जा रहा है। बीमार उद्योगों के लिए राज्य सरकार ने एक विशेष योजना बनायी है, पुनः चालू करने के लिए किफायती ब्याज पर ऋण देने की व्यवस्था की गयी है। तेजी से बदल रहे आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए आधारभूत सुविधाओं के सृजन तथा सुविधाओं को प्रदान करने की व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना एवं इन क्षेत्रों में नये निवेश को प्रोत्साहित करना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है।



*राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री नरपत सिंह रजवी पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए। बैठे हैं उनके दायें मुख्य सचिव श्री अशोक सम्पत राव तथा बायें उद्योग सचिव श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल।*
-फोटो : छपते छपते

छपते छपते, कोलकाता, गुरुवार, 23 नवम्बर, 2006

# Response cheers Rajasthan

**A STAFF REPORTER**

Calcutta is playing host to a business delegation from Rajasthan. The team is in the city for two days and will meet all leading businessmen.

The first day brought in queries about possibilities of investment in sectors like education, IT and tourism infrastructure, especially in hotels, malls and convention centres. The delegation has also shown interest in cement, power and textile sectors.

"We have got a good response on the first day. This is quite encouraging and we are expecting more from this region," said Purushottam Agarwal, industry secretary of Rajasthan.

Industry minister Narpat Singh Rajvi laid stress on developing strong cultural ties with Bengal. "With our craftsmanship and the technology here, we can create magic. We want the people to know about the prospects in Rajasthan and what all we can offer."

On the first day, entrepreneurs from the city acquired nine plots in Rajasthan, three in Bhilwara and six in Ratangar.

The delegation has already visited Chennai, Hyderabad and Mumbai, and is considering an overseas visit to draw investors from New York, Chicago, San Francisco, Bangkok, Hong Kong, Singapore and some European countries where Rajasthan already has a presence.

**THE TELEGRAPH** CALCUTTA THURSDAY 23 NOVEMBER 2006

# उद्योगपतियों ने दिखायी राजस्थान में दिलचस्पी



राजस्थान के मंत्री नरपत सिंह राजवी, दिनेश बजाज व अन्य.



राजस्थान क्राफ्ट्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम *धरती धोरा री.*



कार्यक्रम में तिलोकचंद डागा, विमल पाटनी, संजय व अन्य.

*राज्य के उद्योगपतियों के साथ बातचीत के फौरन बाद ही नौ इंडस्ट्रियल प्लॉट आबंटित कर दिये गये. इनमें राजस्थान के रतनगढ़ और भीलवाड़ा शामिल हैं.*

संवाददाता

**कोलकाता :** राज्य के उद्योगपतियों के साथ राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह राजवी की बातचीत में कई उद्योगपतियों ने राजस्थान में निवेश करने और उद्योग लगाने में दिलचस्पी दिखायी है. राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के बाद श्री राजवी ने बताया कि उद्योगपतियों के साथ बातचीत के फौरन बाद ही नौ इंडस्ट्रियल प्लॉट आबंटित कर दिये गये. इनमें राजस्थान के रतनगढ़ और भीलवाड़ा शामिल हैं. राज्य के उद्योगपतियों ने राजस्थान में होटल, सीमेंट और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने में दिलचस्पी दिखायी है. श्री राजवी ने कहा कि राजस्थान में होटल व्यवसाय में काफी विकास की संभावनाएं हैं. पर्यटकों की पहली पसंद राजस्थान ही है. गत वर्ष यहां 18 फीसदी पर्यटक अधिक आये थे. दो साल में राजस्थान में 20 हजार होटल कमरों की जरूरत पड़ेगी. होटल व्यवसाय को और आकर्षक बनाने के लिए राजस्थान सरकार ने कई कदम उठाये हैं. होटल नीति 2006 की घोषणा की जा चुकी है. इसके तहत एक, दो, तीन सितारा श्रेणी के होटलों के लिए भूमि हस्तांतरण व मनोरंजन कर में 100 प्रतिशत की छूट, जल आपूर्ति की दरें औद्योगिक दरों के समान ली जायेंगी और गृह कर की वसूली औद्योगिक दरों के समान ही रहेंगी. राज्य के विकास के लिए आइटी पार्क, फिल्म सिटी आदि को विकसित करने का निर्णय लिया गया है. राजस्थान सरकार तीन एसइजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) बना रही है. इनमें कोटा में खदान एवं खनन के लिए भूमि का अधिगृहण कर लिया गया है. इसके अलावा जैसलमेर और सिकंदरा में स्टोन क्लस्टर के लिए एसइजेड का निर्माण शामिल है.

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में राज्य की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जापान के दो-तीन समूहों के साथ बातचीत अंतिम चरण में है. राजस्थान फाउंडेशन द्वारा स्वभूमि में राजस्थानी क्राफ्ट की प्रदर्शनी के संबंध में उन्होंने बताया कि यदि राजस्थान के कलाकारों और पश्चिम बंगाल का दिमाग एक साथ मिल जाये तो क्या कुछ नहीं कर सकते. महानगर पहुंचे श्री राजवी ने राज्य में एकमात्र राजस्थानी विधायक दिनेश बजाज के साथ भी बातचीत की. राजस्थान के विकास के लिए श्री राजवी इसके बाद भारत के अन्य हिस्सों के अलावा विदेश के दौरे पर भी जायेंगे.


प्रभात खबर

23 नवंबर, गुरुवार, 2006, इंटरनेट संस्करण : www.prabhatkhabar.com



राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चैप्टर के वरिष्ठ सदस्य श्री तिलोक चंद डागा ने राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर लिए गए चित्र में श्री डागा, उद्योगपति विमल कुमार पाटनी, श्री संजय जैन, श्री विकास पाटनी एवं अन्य। -विश्वमित्र



एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह राजवी। साथ में हैं उद्योग विभाग (एसएसआई एवं केवीआई) के सचिव पुरुषोत्तम अग्रवाल, उद्योग विभाग एवं राज्य उपक्रम के प्रधान सचिव अशोक सम्पतराम, पश्चिम बंगाल में एकमात्र राजस्थानी युवा विधायक दिनेश बजाज एवं अन्य। -विश्वमित्र

**दैनिक विश्वमित्र**

कोलकाता, २३ नवम्बर २००६

# राजस्थान सरकार ने दिया निवेश का न्योता

जागरण संवाद, कोलकाता : राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह रिजवी ने पश्चिम बंगाल के निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। श्री रजवी मंगलवार को पत्रकार सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व पर्यटक राजस्थान आने से हिचकिचाते थे परंतु अब स्थिति बदली है। 2005 के वित्तीय वर्ष में पर्यटन उद्योग में 18 प्रतिशत का मुनाफा हुआ। 2006 के वित्तीय वर्ष में यह 25 प्रतिशत होगा। एक पर्यटक से आठ लोगों को जीविका मिलती है। इसलिए सरकार पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दे रही है। नयी होटल नीति 2006 के अंतर्गत 1,2,3 सितारा श्रेणी होटलों के विकास के लिए भूमि रूपांतरण एवं मनोरंजन कर में 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजस्थान में निवेशक निवेश कर रहे हैं। आगामी दिनों में डी. उद्योगपति रतनगढ़ व भीलवाड़ा में कपड़ा उद्योग, हीरा उद्योग, संगमरमर पत्थर-उद्योग की इकाई स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कला व कलाकार पूरे विश्व में जाने जाते हैं। राजस्थानी कला व बंगाली दिमाग साथ-साथ कार्य करे तो विश्व में हमारी छवि अन्य देशों से काफी बेहतर होगी। आटोमोबाइल के क्षेत्र में जापान की 3 कंपनियां जयपुर में कार उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र में विदेशी निवेशक निवेश का अत्याधुनिक न्यूरोलोजिकल हास्पिटल का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि कला व संस्कृति के विकास व आदान प्रदान के लिए स्वभूमि में प्रदर्शनी लगायी गयी है जिसमें राजस्थान की पारंपरिक विकास की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के लिए आईटी पार्क, गोल्ड सूक, फिल्म सिटी, स्टोन पैलेस को विकसित किया जायेगा। बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों के पुनर्वास के लिए 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान तथा विद्युत शुल्क से 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है जिससे औद्योगिक विकास हो। पत्रकार सम्मेलन में श्री रिजवी के साथ राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।



संवाददाताओं से बातचीत करते नरपत सिंह सिंघवी

जमशेदपुर, 23 नवम्बर, 2006
दैनिक जागरण

## डा. सिंघवी को सम्मान

जाने माने विद्वान, लंदन में भारत के पूर्व उच्चायुक्त डा. एल. एम. सिंघवी को भारत के उप राष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत ने आचार्य तुलसी सम्मान से विभूषित किया। इस सम्मान को महादेवी गंगादेवी सरावगी फाउंडेशन ने जैन विश्व भारती, लाडनूं के साथ मिलकर प्रायोजित किया है जिसमें एक लाख रुपये की नगद राशि, फलक एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। यह सम्मान प्रति वर्ष एक ऐसी विभूति को दिया जाता है जिसने अनेकान्त दर्शन के प्रचार में अहम् योगदान दिया हो। श्री गोविन्द लाल सरावगी ने एम. जी. सरावगी फाउंडेशन की स्थापना की एवं आध्यात्मिक विकास हेतु ऐसे चार सम्मान को प्रायोजित किया है।

## बंगाल की धरती पर राजस्थान की महक

कोलकाता, 23 नवंबर। राजस्थान की रंग बिरंगी कला व संस्कृति स्वभूमि में पेश की गई राजस्थान उत्सव के माध्यम से। कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह राजवी ने किया। इस समारोह में उद्यमिता एवं प्रबंध विकास संस्थान के निदेशक रोहित ओर ब्रैंडन भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि राजस्थान की हस्तकला केवल देश में ही नहीं विश्व भर में अपनी पहचान बना चुकी है। अब बंगाल में भी यह पहचान तेजी से अपने पैर फैला रही है। कोलकता मेट्रो सिटी होने के कारण अच्छा बाजार है। विभिन्न धर्म संस्कृति के लोग है जो राजस्थानी हस्तशिल्प को बहुत पसंद करते हैं। समारोह में राजवी ने बताया कि जिस धरती पर राजस्थान के लोग व्यापार करते है वे उसी धरती के होकर रह जाते हैं। पांचदिनों में स्वभूमि में राजस्थान की महक होगी। ऊंच के चमड़े के जूते-बैग, सजावट की सामग्री, राजस्थानी घाघरा-चोली, चूड़िया और गृह सज्जा की सामग्री कोलकातावासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। साथ ही प्रतिदिन राजस्थानी नृत्य, संगीत तथा पकवान की महक लोगों को अपनी ओर खीचेंगी। राजस्थान का जूट, जेम्स, ज्वैलरी, क्राफ्ट विश्व प्रख्यात है। इस क्षेत्र में राजस्थान का कोई सानी नहीं है। आज राजस्थान में इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी डेवलप हो चुका है। यही विकास बाहरी निवेशकों का ध्यान 'धोरारी धरती' की ओर खींच रहा है। यह समारोह 26 नवंबर को समाप्त होगा।

छपते छपते, कोलकाता, शुक्रवार, 24 नवम्बर 2006

# राजस्थान में निवेश की संभावनाएं : राजवी

**कोलकाता :** राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह राजवी ने आज कहा कि राजस्थान में निवेश की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ चुकी है. उत्तर भारत में राजस्थान निवेशकों को आकर्षित करनेवाले राज्यों में सबसे आगे है. वह आज यहां बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी फेडरेशन की ओर आयोजित स्वागत सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि उद्यमियों के निवेश के लिए आवश्यक सभी आधारभूत संरचना राजस्थान में हैं. राजस्थान में ऊर्जा, पानी, परिवहन व कानून व्यवस्था की स्थिति काफी संतोषजनक है. इसके कारण राजस्थान में पर्यटकों की तादाद में लगातार वृद्धि हो रही है. उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की रफ्तार इतनी तेज है कि आनेवाले दिनों में निवेशकों को इजाजत देना कठिन हो जायेगा. इसलिए उन्होंने कोलकाता के उद्यमियों को राजस्थान में जल्द से जल्द निवेश करने का आह्वान किया. मौके पर विधायक दिनेश बजाज ने मारवाड़ी समाज में घर कर गयी सामाजिक कुरीतियों पर चिंता जतायी. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी फेडरेशन द्वारा समाज सुधार के लिए किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया. इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण बजाज, उद्योगपति एके पोद्दार, धनीराम सुरेखा, चंद्रकांत सराफ, युगल किशोर जैथलिया आदि उपस्थित थे.



नरपत सिंह राजवी का सम्मान करते राजकुमार शर्मा, सत्यनारायण बजाज, एके पोद्दार व विधायक दिनेश बजाज.

कोलकाता, शुक्रवार, 24 नवंबर 2006


प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन



रियल इस्टेट व्यवसाय क्षेत्र में तेजी से उभर रहे पी एस ग्रुप के निदेशक श्री प्रदीप चोपड़ा ने राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी के सम्मान में स्थानीय आई टी सी सोनार बांगला होटल में एक स्वागत भोज का आयोजन किया। उक्त अवसर पर लिए गए चित्र में श्री अरुण कुमार पोद्दार, श्री संतोष कुमार दूगड़, श्री तिलोक चंद डागा, श्री सुरेन्द्र दूगड़, उद्योग मंत्री श्री राजवी एवं श्री चोपड़ा। -विश्वमित्र

कोलकाता, २४ नवम्बर २००६ दैनिक विश्वमित्र

**WINDOW TO WORLD**



SUBHANKAR CHAKRABORTY/HT

A visitor at the Rajasthan crafts fair in Swabhumi admires some intricate woodwork.

Friday, November 24, 2006
*Hindustan Times*, Kolkata




अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी के सम्मानार्थ बंगाल चेम्बर में आयोजित अभिनन्दन समारोह के अवसर पर लिए गए चित्र में परिलक्षित हैं श्री राजवी, सम्मेलन अध्यक्ष श्री सत्यनारायण बजाज, श्री अरुण कुमार पोद्दार, युवा विधायक श्री दिनेश बजाज, श्री प्रहलादराय अग्रवाल, श्री जे.पी. चौधरी एवं सर्वश्री भानीराम सुरेका, तिलोकचंद डागा, राजकुमार बोथरा, सुशीला सिंघानिया, सुशील ओझा, राजकुमार शर्मा, जुगल किशोर जैथलिया तथा बाएं उपस्थित जनसमूह का एकांश। — विश्वमित्र चित्र

# राजस्थान के उद्योगमंत्री का अभिनन्दन

कोलकाता, २४ नवम्बर (नि.प्र.)। अन्तर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा राजस्थान के उद्योग, श्रम एवं अप्रवासी मामलों के मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी का बंगाल चेंबर के सभागार में सम्मेलन के अध्यक्ष पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण बजाज की अध्यक्षता में कोलकाता प्रवास में अभिनन्दन किया गया। लगभग सौ संस्थाओं की तरफ से मंत्री महोदय का माल्यापर्ण किया गया तथा सम्मेलन की तरफ से शॉल, अंगवस्त्र, पगड़ी, स्मृति चिन्ह आदि भेंट कर अभिनंदित किया गया। स्वागत भाषण स्वागताध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका ने दिया, सम्मेलन का परिचय महासचिव श्री तिलोकचंद डागा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन की महिला शाखा अध्यक्षा श्रीमती सुशीला सिंघानिया ने दिया। अभिनन्दन का उत्तर देते हुए श्री राजवी ने कहा कि आपके सम्मान और प्यार से मैं अभिभूत हो गया हूं, मैं प. बंगाल के राजस्थानियों तथा अन्य उद्यमियों को राजस्थान में गत ३ वर्षों में हुए उद्योग क्रांति, सुविधाओं से अवगत कराने आया हूं कि आपका प्रदेश अब उन्नति की राह में है तथा राजस्थान और बंगाल को जोड़ने के लिए राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चैप्टर तत्पर है। प्रधान अतिथि एकमात्र प्रवासी राजस्थानी युवा विधायक श्री दिनेश बजाज ने मंत्री महोदय का प. बंगाल की जनता की तरफ से जनप्रतिनिधि की हैसियत से अभिनन्दन किया तथा समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज विश्व भर में राजस्थानियों ने उद्योग व्यवसाय के क्षेत्र में अपना विशिष्ठ स्थान बनाया है किन्तु दुःख की बात है कि जब कुछेक समाज के उद्योगपति, व्यवसायी अपने मुनाफा हेतु लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते तथा उसमें हम स्थानीय लोगों के सामने हमारी गर्दन नीचे करते हैं। यह शर्म की बात है तथा कुछ उद्योगी एवं व्यवसायी रुक्के पूर्जे पर रुपया लेकर लौटाते नहीं हैं और सीना तानकर फिर से समाज में स्थापित होता है, यह खराब बात है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। मुख्य अतिथि उद्योगपति श्री अरुण कुमार पोद्दार ने भी अभिनन्दित किया तथा सम्मेलन की प्रशंसा की। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के कोषाध्यक्ष श्री प्रहलाद राय अग्रवाल ने भी संबोधित किया। स्वीटजरलैंड के कौंसुल श्री जे.पी. चौधरी भी मंचस्थ थे। अध्यक्ष श्री सत्यनारायण बजाज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सम्मेलन द्वारा शीघ्र ही अन्य देशों एवं भारतवर्ष में विभिन्न राज्यों में सम्मेलन की शाखाएं स्थापित की जायेंगी। संचालन श्री सुशील ओझा ने किया। समारोह में सर्वश्री श्रीकृष्ण खेतान, रामवतार सराफ, जुगलकिशोर जैथलिया, रामकरण भुवालका, सुरेन्द्र बांठिया, राजू खण्डेलवाल, महेश शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। समारोह की सफलता में सर्वश्री सुशील ओझा, राजकुमार बोथरा, राजकुमार शर्मा, दीपक बंका, गिरधर हर्ष, अरुण मल्लावत, विनोद सराफ, विश्वनाथ सुल्तानिया, शंकरलाल सिंघानिया विशेष सक्रिय थे।

कोलकाता, २५ नवम्बर २००६ दैनिक विश्वमित्र

# राजस्थान की औद्योगिक तस्वीर बदली-राजवी

कार्यालय संवाददाता

**सिलीगुड़ी, 24 नवम्बर।** राजस्थान के उद्योग मंत्री नरपत सिंह राजवी ने कहा कि राजस्थान के आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार हुआ है। उद्यमियों को राज्य में निवेश कर इसका लाभ उठाना चाहिए। निवेश को प्रोत्साहन राज्य सरकार की प्रमुख नीति है।

राजवी ने यह बात शुक्रवार को सिलीगुड़ी में प्रवासी उद्यमियों के साथ आयोजित एक.बैठक में कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने वित्तीय नियोजन की नई योजनाओं, औद्योगिक सुविधाओं के विस्तार, प्रौद्योगिक एवं सूचना प्रणाली के विकास और भूमि की औद्योगिक उपलब्धता से औद्योगिकीकरण को

## प्रवासियों से निवेश का आह्वान



प्रोत्साहित किया है। राजस्थान प्राकृतिक और खनिज संम्पदा से संपन्न प्रदेश है। वहां तकनीकी विकास के कारण तस्वीर बदली है। राज्य के औद्योगिक विकास में गति आई है।

हस्तशिल्प, पर्यटन के अलावा खाद्य प्रसंस्करण, खनिज आधारित उद्योग टैक्सटाइल, मारबल एवं ग्रेनाइट आधारित उद्योगों का तेजी से विस्तार हो रहा है। नए उद्यमियों को सरकार की ओर से एकल खिड़की निस्तारण योजनाओं में सुविधाएं दी जा रही हैं। राजस्थान में कृषि विकास से फूड पार्क विकसित किए गए है। इससे खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों की संभावना बढ़ गई है।

शेष पेज 2 पर

## राजस्थान की औद्योगिक...

इसके साथ ही राज्य सरकार ने नॉलेज कोरिडोर, आईटी पार्क, गोल्ड सूक एवं फिल्म सिटी विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए राजस्थान इन्फ्रास्ट्रक्चर एजेन्डा विजन- 2025 में 46 आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की योजना को चिन्हित किया गया है। इसके लिए राज्य सरकार ने सौ करोड़ रुपए का आधारभूत विकास कोष बनाया है। हर जिले में औद्योगिक विकास के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए भूमि बैंक बनाने की योजना है। राजस्थान इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अधिनियम बनाया गया है। यह अधिनियम पारित होना है। बिजली उत्पादन सात सौ लाख यूनिट से बढ़कर एक हजार करोड़ यूनिट हो गई है। अगले दो वर्षों में निर्माणाधीन विद्युत विद्युत उत्पादन इकाइयों का कार्य पूरा होने से 700 मेगावाट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी की संभव है। औद्योगिक विकास के लिए भूमि रुपान्तरण एवं मनोरंजन कर में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान है। निवेश को प्रोत्साहन राज्य सरकार की प्रमुख नीति है।

राजस्थान पत्रिका

कोलकाता » शनिवार » 25 नवम्बर 2006

# जयपुरी रजाई, कोटा डोरिया साड़ियां

## राजस्थान हस्तशिल्प मेले में बोहनी की बाट जोह रहे हैं दस्तकार

प्रज्ञा सारस्वत

कोलकाता, 24 नवम्बर। सॉल्टलेक के स्वभूमि परिसर में आयोजित राजस्थान क्राफ्ट फेस्टीवल में पहुंचे दस्तकारों की कला की भले ही दिल खोलकर सराहना की जा रही हो, लेकिन उनकी आंखों में निराशा साफ झलक रही है।

पांच दिवसीय राजस्थान हस्तशिल्प उत्सव में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए दस्तकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस राजस्थानी उत्सव में 50 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां करीब 75 कारीगरों की कला प्रदर्शित की गई है।

मेलाधिकारी ओम प्रकाश जहां मेले को सफल मान रहे हैं, वहीं कई ऐसे भी दस्तकार भी हैं जिनकी बोहनी तक नहीं हुई है। हालांकि, मेलाधिकारी दावा करते हैं कि यहां एक बार घूमकर जाने वाले लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को लेकर आ रहे हैं।

कोटा डोरिया के कारीगर मुहम्मद युनुस कहते हैं कि अक्टूबर में जब वे महानगर में आए थे, उनके समान की अच्छी बिक्री हुई थी, लेकिन इस बार दो दिन बाद तक उनकी बोहनी तक नहीं हुई है।

जयपुरी रजाइयां और चादर आदि का स्टॉल लगाए सुरेश कुमार भी निराश हैं। उनका मानना है कि जयपुर से वे बड़ी मात्रा में रजाइयां कोलकाता भेजते रहते हैं, लेकिन राजस्थान क्राफ्ट उत्सव में उन्हें ठीक रिस्पांस नहीं मिल पा रहा है। हाथ से बने मनमोहक कार्ड, डायरी, वाल हैंगिंग आदि का स्टॉल लगाए हीला लाल जांगीर तो साफ-साफ कहते हैं कि यहां के लोगों को कला से प्रेम नहीं है।

भले ही दस्तकार खरीददारों की कमी से निराश हो लेकिन मेले की खूबसूरती से इंकार नहीं किया जा सकता। राजस्थान उत्सव की शान राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हनीफ मुहम्मद उस्दा का ऊंट की खाल पर किया गया सोने का काम है।

बगरु प्रिंट, चित्तौड़ की थेवा कला, जयपुर की ब्लू पोटरी, मुगल पेंटिंगट, जयपुर की जूती, सवाई माधवपुर की बंधेज, बाड़मेल का कसेरा कार्य, डोर बेल, लाख की चूडियां, जयपुरी गहने, राजस्थानी टाई एंड डाई वर्क और एलोबेरा के उत्पाद आदि इस उत्सव में प्रदर्शित किए गए हैं। बंगला देश की डिजाइनर बीबी रसल की डिजाइनर साड़ी और सूट मैटेरियल के साथ राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले राम रतन लामा का टाई एंड डाई प्रिंट और राज्य स्तर पर ही पुरस्कृत संजय नागर की बेड शीट उत्सव में एक अनोखी छटा बिखेर रही है।



स्वभूमि में राजस्थान के राज फेस्टीवल में चुड़ियां।

पत्रिका

राजस्थान पत्रिका

कोलकाता >> शनिवार >> 25 नवम्बर, 2006




*अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री नरपत सिंह राजवी के सम्मानार्थ बंगाल चेम्बर में आयोजित अभिनन्दन समारोह के अवसर पर लिये गये चित्र में परिलक्षित हैं श्री राजवी, सम्मेलन अध्यक्ष श्री सत्यनारायण बजाज, श्री अरुण कुमार पोद्दार, युवा विधायक श्री दिनेश बजाज, श्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, श्री जे. पी. चौधरी एवं सर्वश्री भानीराम सुरेका, तिलोकचन्द डागा, राजकुमार बोथरा, सुशीला सिंघानिया, सुशील ओझा, राजकुमार शर्मा, जुगल किशोर जैथलिया तथा बायें उपस्थित जनसमूह का एकांश।*

# राजस्थान के उद्योग मंत्री का अभिनन्दन

**कोलकाताः** अन्तरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा राजस्थान सरकार के उद्योग, श्रम एवं आप्रवासी मामलों के मंत्री नरपत सिंह राजवी का बंगाल चेम्बर के सभागार में अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के अध्यक्ष व पूर्व विधायक सत्यनारायण बजाज की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि उन्हें यह सम्मान पाकर बेहद खुशी हुई है। मैं यहां आकर बसे राजस्थानियों तथा अन्य उद्यमियों को गत 3 वर्षों में राजस्थान में हुई उद्योगक्रान्ति और सुविधाओं से अवगत करवाने आया हूं। राजस्थान और प. बंगाल को जोड़ने के लिये राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चेप्टर तत्पर है। प्रधान अतिथि विधायक दिनेश बजाज ने एक जनप्रतिनिधि के तौर पर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के कोषाध्यक्ष प्रहलाद राय अग्रवाल व स्विट्जरलैण्ड के वाणिज्य महादूत जे पी चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष सत्यनारायण बजाज ने कहा कि सम्मेलन द्वारा शीघ्र ही अन्य देशों व भारत के अन्य राज्यों में सम्मेलन की शाखाएं स्थापित की जायेंगी। संचालन सुशील ओझा ने किया। सम्मेलन का परिचय तिलोकचन्द डागा और स्वागत भाषण भानीराम सुरेका ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन की महिला शाखा की अध्यक्ष सुशीला सिंघानिया ने किया। समारोह में श्री कृष्ण खेतान, रामअवतार सराफ, जुगल किशोर जैथलिया, राजू खण्डेलवाल, सुरेन्द्र बांठिया, महेश शर्मा एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


**'सन्मार्ग' कोलकाता**
**शनिवार 25 नवम्बर 2006**

# वेडिंग पर्यटन को बढ़ावा देंगे- पूनिया

कोलकाता, 26 नवम्बर (का. सं.)। राजस्थान पर्यटन विभाग फिलहाल राज्य की हेरिटेज संपदा को संरक्षित कर रहा है। इसके अलावा ईको टयूरिजम, मेडिकल टयूरिजम और वेडिंग टयूरिजम को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राजस्थान की पर्यटन मंत्री उषा पूनिया ने क्राफ्ट को भी पर्यटन का ही हिस्सा बताया। पूनिया ने रविवार को यह बात राजस्थान क्राफ्ट उत्सव मेले में कही। उत्सव के अंतिम दिन उषा पूनिया ने इसका अवलोकन किया। पूनिया ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर मेले में आए हस्तशिल्पी और अन्य कलाकारों से उनकी खैरख्वा ली। पूनिया ने कहा कि राजस्थान पर्यटन भारत में अव्वल होने की ओर अग्रसर है।

इसके लिए हेरिटेज संपदा को संरक्षित किया जा रहा है। देशी- विदेशी सैलानियों का रूझान राज्य की इस संपदा में ज्यादा है। इस कारण जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ आदि में हेरिटेज भवन, मंदिर और किलों को रंग-रोगन कर संवारा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से विदेशी पर्यटकों ने राजस्थानी रीति-रिवाज के विवाह संस्कारों में दिलचस्पी दिखाई है।

इस कारण राजस्थान पर्यटन विभाग वेडिंग टयूरिज्म शुरू कर रहा है। पूनिया ने कहा कि क्राफ्ट हमारी पहचान है। क्राफ्ट पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए इस ओर ध्यान देते हुए देश के हर हिस्से में क्राफ्ट उत्सव लगाया जाता है।



राजस्थान की पर्यटन मंत्री उषा पूनिया रविवार को राजस्थान क्राफ्ट उत्सव का अवलोकन करती हुई तथा दाएं सजी दुकान। पत्रिका

# अंतिम दिन उमड़े खरीददार

कोलकाता, 26 नवम्बर (कासं)। राजस्थान क्राफ्ट उत्सव के अंतिम दिन रविवार को स्वभूमि में 22 नवम्बर से चल रहे राजस्थानी क्राफ्ट उत्सव में लोग परिवार के साथ राजस्थानी कला का आनंद लेने पहुंचे। अपने पिता अहमद खान द्वारा प्राप्त किए अवार्ड के रिकॉर्ड को दर्शाते हुए शादाब अहमद कहते है कि उनके पिता द्वारा लाख की चूड़ियों पर की गई सोने की कलाकारी न केवल देश के राजघरानों की शोभा है बल्कि जर्मन, फ्रांस, स्विटजरलैंड और डेनमार्क आदि में भी उनके पिता की कला ने स्थान बनाया है। जयपुरी रजाइयों के विक्रेता सुरेश,हैंडमेड डायरी और कार्ड विक्रेता को कोलकाता के बड़े शो रूम आदि से अच्छे ऑर्डर मिले हैं। भाग चंद, सुरेश कुमार, जयकुमार, बजरंग लाल और शानु की अच्छी बिक्री हुई।

स्ट्रेचर चप्पल विक्रेता शानु की चप्पल, पांवपोछ और जोकर के दाम उचित होने के कारण ही उन्होंने 20 हजार से ज्यादा की बिक्री की है। खेवानी वर्क की इन चादरों के ऊंचे दाम ने भी ग्राहकों के उत्साह को नहीं डगमगाया। चादर की जयपुरी बंधेज की साड़ी, दुपट्टे, बेडशीट और लहंगा चोली आदि की भी अच्छी बिक्री हुई। कॉटन दरी और डोर बेल को भी लोगों ने जमकर खरीदा।

**राजस्थान पत्रिका**

कोलकाता > सोमवार > 27 नवम्बर, 2006



साल्टलेक के स्वभूमि में राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'राज-उत्सव' के अंतिम दिन प्रदर्शनी का अवलोकन करती हुई राजस्थान की पर्यटन मंत्री श्रीमती उषा पुनिया। साथ में हैं राजस्थान फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया। -विश्वमित्र

कोलकाता, २७ नवम्बर २००६ **दैनिक विश्वमित्र**

# DESERT CRAFT

Subhrajit Chandra



**UP FOR GRABS :** Rajasthan tourism minister Usha Punia at the Rajasthan Crafts Festival in Swabhumi on Sunday

THE TIMES OF INDIA, KOLKATA
MONDAY, NOVEMBER 27, 2006



स्वभूमि ( साल्टलेक ) में आयोजित राजस्थान क्राफ्ट्स फेस्टिवल में उपस्थित राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता चेप्टर के सचिव संदीप भूतोड़िया एवं राजस्थान सरकार की पर्यटन राज्य मंत्री श्रीमती ऊषा पुनिया।

छपते छपते, कोलकाता, सोमवार, 27 नवम्बर-2006



राजस्थान सरकार द्वारा महानगर में आयोजित राजस्थान हस्तकला एवं शिल्प प्रदर्शनी के समापन अवसर पर राजस्थान की पर्यटन मंत्री श्रीमती उषा पूनीया एवम् राजस्थान फाउण्डेशन कोलकाता के सचिव सन्दीप भूतोड़िया

'सन्मार्ग' कोलकाता
सोमवार 27 नवम्बर 2006



स्वभूमि में आयोजित मेले में राजस्थान की पर्यटन मंत्री उषा पुनिया व संदीप भूतोड़िया.

**प्रभात खबर**
अखबार नहीं आंदोलन

कोलकाता, सोमवार, 27 नवंबर 2006